शहीद की छत्तीसगढ़ का पहला मिड-डे अखबार
जनता से रिश्ता

...तो CIA के लिए काम करते थे उत्तर कोरिया के शासक किम के सौतेले भाई : वॉशिंगटन। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन के सौतेले भाई किम जोंग-नैम अमेरिकी इंटेलिजेंस एजेंसी सीआईए के इन्फॉर्मर का काम करते थे और उसके एजेंटों से कई बार उनकी मुलाकात हो चुकी थी। हालांकि, मीडिया में आई इस रिपोर्ट का उत्तर कोरिया ने खंडन किया है। किम जोंग-नैम की हत्या 2017 में कुआलालंपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर कर दी गई थी। दो महिलाओं ने उनके चेहरे पर कुछ लगाया था जो संभवत: नर्व गैस थी। इसकी वजह से नाम की मौत हुई। एयरपोर्ट अधिकारियों को घटना के बारे में सूचित करने के बाद उन्हें ऐम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया।

ताजा खबर
संक्षिप्त

योगी पर कॉमेंट : पत्रकार को रिहा करने का आदेश

नई दिल्ली (ए.)। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पर विवादित टिप्पणी लिखने और विडियो शेयर करने के मामले में गिरफ्तार पत्रकार प्रशांत कनौजिया को सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है। यही नहीं मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने यूपी पुलिस को फटकार भी लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर उन्हें किन धाराओं के तहत अरेस्ट किया है। कोर्ट ने कहा कि कनौजिया को तत्काल रिहा किया जाना चाहिए, लेकिन उन पर केस चलता रहेगा। शीर्ष अदालत ने कहा, प्रशांत कनौजिया ने जो शेयर किया और लिखा, इस पर यह कहा जा सकता है कि उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था। लेकिन, उसे अरेस्ट किस आधार पर किया गया था?% सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आखिर एक ट्वीट के लिए उनको गिरफ्तार किए जाने की क्या जरूरत थी। यही नहीं शीर्ष अदालत ने यूपी सरकार को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की भी याद दिलाई। कोर्ट ने कहा कि उसे उदारता दिखाते हुए फ्रीलांस जर्नलिस्ट कनौजिया को रिहा कर देना चाहिए।

किसानों और उपभोक्ता दोनों का ध्यान रखेंगे : सीतारमण

नई दिल्ली (ए.)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बजट पूर्व चर्चा के क्रम में कृषि-ग्रामीण विकास, डेयरी और औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने भरोसा दिया कि सरकार कीमतों के मामले में किसानों और उपभोक्ता दोनों का ध्यान रखेगी,कहा कि कृषि क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने को सरकार उच्च प्राथमिकता दे रही है। सरकार ऐसे नए उद्यमों को प्रोत्साहन देगी, जो कृषि उत्पादों को लाभदायक कीमत दिलाने में मदद करने के साथ उपभोक्ताओं को ये उत्पाद मुनासिब दाम पर पहुंचाने में मदद करें। उन्होंने कृषि विशेषज्ञों को आश्वस्त किया कि सरकार कृषि क्षेत्र के मुद्दे, रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन के काम पर प्रमुखता से ध्यान दे रही है।सीतारमण ने ऐसे स्टार्टअप को मदद का भरोसा दिया जो कृषि उत्पादों के लिए लाभकारी बाजार प्रदान करने तथा उचित मूल्य पर अंतिम उपभोक्ताओं को आपूर्ति करने में मदद कर रहे हैं।

बिहार : 'चमकी' बुखार से मौतें, केंद्रीय टीम जाएगी

मुजफ्फरपुर/पटना (ए.)। बिहार में एक बार फिर से चमकी बुखार कहर बनकर टूटा है। आधिकारिक तौर पर इस बीमारी से अब तक 28 बच्चों की मौत हो चुकी है। जबकि गैर सरकारी आंकड़ों की माने तो ये संख्या 50 के करीब है। सरकारी आंकड़ों के हिसाब से चमकी बुखार से अब तक 103 बच्चे प्रभावित हुए हैं। चमकी बुखार को एक्यूट इंसेफलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) और जापानी इंसेफलाइटिस (जेई) से भी जाना जाता है। आज प्राप्त आंकड़ो के अनुसार, एसकेएमसीएच और केजरीवाल मेटरनिटी अस्पतालों में इलाजरत कुल 9 बच्चों की मौत हुई। इस जानलेवा चमकी बुखार का सबसे अधिक प्रभाव उत्तर बिहार के मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, शिवहर, सीतामढ़ी जिलों में है।बच्चों की मौत की दर को बढ़ते देख कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी चिंता जता चुके हैं और सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर नगर विकास और आवास मंत्री सुरेश शर्मा को एसकेएमसीएच और केजरीवाल अस्पताल में भर्ती बच्चों का हाल समाचार जानने के लिए भेजा है।भारी गर्मी में और बरसात से पहले ये बीमारी हर साल बिहार में कहर बरपाती है।

खबर जरा हटके

इंद्र देवता को खुश करने के लिए कराई गई मेढ़कों की शादी

कर्नाटक (ए.)। कर्नाटक में कुछ ऐसा हुआ जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। जिसको सुनकर आप भी हैरान रह जाएंगे। बारिश के देवता को प्रसन्न करने और राज्य में झमाझम बारिश कराने के लिए उडुपी में दो मेढ़कों की शादी कराई गई। उडुपी नागरिक समिति और पंचरत्न सेवा ट्रस्ट ने शनिवार को एक होटल में यह विवाह कराया। इस अनोखे विवाह के बाद उडुपी के कलसंका के मेढ़क वरुण और किलिंजी के कोलालागिरि की मेढ़की वर्षा को पति-पत्नी घोषित किया गया। यह विवाह कराने वाले न्यास के महासचिव नित्यानंद ओलाकुडू ने बताया कि मानडूका कल्याणोत्सव का आयोजन बारिश कराने वाले देवता को प्रसन्न करने के लिए किया गया था। उडुपी जिले में लंबे समय से बारिश नहीं हुई है और क्षेत्र पानी की कमी के संकट से जूझ रहा है। मेढ़क के विवाह की पूरी प्रक्रिया भी काफी दिलचस्प है। आयोजक चार मेढ़क ले कर मनिपाल के जीवविज्ञान विभाग पहुंचे। जीव विज्ञानी ने इनमें से नर और मादा मेढ़क की पहचान की। इसके बाद दोनों को विवाह के लिए अलग अलग होटल ले जाया गया। लोगों ने उनकी आरती उतारी और मादा मेढ़क को %करिमनी% तथा बिछुआ पहनाया। शादी के लिए बाकायदा कार्ड छपवाए गए थे और लोगों को दावत दी गई।

बाक्स न्यूज

पति और सांस-ससुर ने बहू को चलती कार से बाहर फेंका

चेन्नई (ए.)। पिता और सांस-ससुर ने बहू को चलती कार से बाहर फेंका।तमिलनाडु के कोयंबटूर में ऐसी घटना हुई जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। एक महिला को चलती कार से बाहर फेक दिया गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो को काफी शेयर किया जा रहा है। आरोप लगाया गया है कि महिला को उसी के पिता और सांस-ससुर ने कार से बाहर धक्का मारा था। क्योंकि वो उनको मारना चाहते थे। महिला का नाम आर्ती अरुण (उम्र- 38) है। दोनों के बीच काफी तनाव रहता था। कुछ दिन पहले ही वो अपने दो बच्चों के साथ पति के साथ वापस आई थीं, ताकी वो रिश्ते की नई शुरुआत कर सके। आर्ती का पति कथित तौर पर बहुत गाली-गलौच करता था। आर्ती के पति का नाम अरुण अमलराज है। वो पेशे से इंजीनियर हैं। पति पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया है लेकिन अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। वो और उसके माता-पिता कई महीनों से गायब हैं। दोनों की 2008 में शादी हुई थी। दोनों के बीच रिश्ते काफी खराब थे। शादी के 6 साल बाद (2014) उसने शादी तोड़ने का फैसला लिया और दो बच्चों के साथ अपने माता-पिता के घर मुंबई चली गई। आर्ती ने मुंबई कोर्ट में घरेलू हिंसा का मामला और तलाक की याचिका दर्ज की थी।

हार के बाद कांग्रेस में संशय-ऊहापोह की स्थिति

एंटनी होंगे अंतरिम अध्यक्ष!

नई दिल्ली (नेटडेस्क/एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आगे पार्टी के अध्यक्ष नहीं बने रहना चाहते। उन्होंने अपना रिप्लेसमेंट तलाशने के लिए पार्टी को एक महीने का वक्त दिया है। राहुल गांधी ने खासा जोर दिया है कि नया अध्यक्ष कोई नॉन गांधी ही होना चाहिए। लिहाजा पार्टी इन कोशिशों में जुट भी गई है। ऐसे में सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष के लिए एके एंटनी के नाम पर विचार कर रही है। अभी पार्टी में बैठकों का दौर चल रहा है, अगर वर्किंग कमिटी के सदस्यों में सहमति हो गई, तो एके एंटनी कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष बनाए जा सकते हैं। बता दें कि यूपीए सरकार में एके एंटनी रक्षा मंत्री रह चुके हैं। पार्टी में ये विचार उभर रहा है कि कांग्रेस को अपने %अंतरिम अध्यक्ष% के रूप में एक वरिष्ठ नेता का नाम लेना होगा, जो सामूहिक निर्णय लेने के लिए नेताओं के एक कॉलेजियम की अध्यक्षता करेंगे। पार्टी में एके एंटनी की काफी अच्छी छवि है। ऐसे में माना जा रहा है कि अंतरिम अध्यक्ष के तौर पर उनके नाम पर सहमति बन जाएगी।

हार के बाद राहुल ने की थी इस्तीफे की पेशकश : बता दें कि बीते दिनों कांग्रेस की सर्वोच्च इकाई कांग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक में भी राहुल ने इस्तीफे की पेशकश की थी। उन्होंने कहा था कि वह एक सामान्य कार्यकर्ता की हैसियत से काम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा था कि वह देश भर में घूम कर कांग्रेस का जनाधार बढ़ाने का काम करेंगे।

लोकसभा में कांग्रेस का नेतृत्व कर सकते हैं राहुल गांधी : सूत्रों का कहना है कि लोकसभा में राहुल गांधी को कांग्रेस पार्टी का नेता बनने के लिए भी मनाया जा रहा है।

हालांकि, माना जा रहा है कि अगले सप्ताह लोकसभा में कांग्रेस नेता कौन होगा इसका औपचारिक ऐलान हो जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष के पद से इस्तीफे पर अड़े होने के बाद अंतरिम प्रेजिडेंट और उसकी सहायता के लिए कॉलेजियम की चर्चा जोरों पर है।

बड़े नेताओं से हैं नाराज़ : इससे पहले कांग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक में राहुल गांधी चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस नेताओं के ढीलेपन को लेकर उन पर निशाना साधा था। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी के कई नेताओं ने पार्टी से आगे अपने बेटों को रखा। उन्हें टिकट दिलाने के लिए दबाव बनाया गया। इनमें राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस महासचिव ज्योतिरादित्य सिंधिया, पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह, पूर्व वित्त मंत्री पी। चिदंबरम और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ का नाम शामिल है।

इन नेताओं के बच्चों को मिली चुनाव में हार : चुनाव में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत, कांग्रेस महासचिव ज्योतिरादित्य सिंधिया, पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह के बेटे मानवेंद्र सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष मोहन देव की बेटी सुष्मिता देव, कमलनाथ के बेटे और चिदंबरम के बेटे हार गए। जब राहुल गांधी ने बैठक में इस्तीफे की पेशकश की थी, तो पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम भावुक हो गए। उन्होंने कहा था कि अगर राहुल गांधी इस्तीफा देते हैं, दक्षिण से कांग्रेस कार्यकर्ता सुसाइड कर सकते हैं।

बीच सड़क उलाझते दिखे कांग्रेस नेता

लोकसभा चुनाव में यूपी में खराब प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस ने दिल्ली में समीक्षा बैठक बुलाई थी। इसमें पश्चिमी यूपी के नेता भी शामिल हुए थे। बैठक के बाद बाहर आए कांग्रेसी नेताओं में मतभेद खुलकर सामने आ गए। दो नेता एक दूसरे पर चीखने लगे। हाथापाई की भी नौबत आ गई लेकिन किसी तरह से साथी नेताओं ने दोनों को शांत कराया। इसका विडियो भी सामने आया है। दरअसल, मीटिंग के बाद बाहर निकल रहे पश्चिमी यूपी के नेताओं में सड़क पर ही बहस होने लगी, जो कैमरे में कैद हो गई। हालांकि, जब इस पर कांग्रेस नेता से बात की गई तो उन्होंने इसे पार्टी का अंदरूनी मामला बताकर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। गौरतलब है कि हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में कांग्रेस यूपी में सिर्फ एक सीट ही जीत पाई। यह कांग्रेस की पारंपरिक रायबरेली सीट है जहां से पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी 2004 से सांसद हैं। पश्चिमी यूपी में कांग्रेस अपना खाता भी नहीं खोल पाई, जहां ज्योतिरादित्य सिंधिया को पार्टी का प्रभारी बनाया गया था।

पार्टी हाईकमान पर बरसे केके शर्मा : पार्टी के नेता केके शर्मा ने आरोप लगाया कि चुनाव में खराब प्रदर्शन की वजह सही सदस्यों से मुलाकात के बिना ही पार्टी हाईकमान का फैसला लेना है। वह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद गुलाम नबी आजाद से खफा नजर आए और उन्होंने उनके बारे में ज्योतिरादित्य सिंधिया से भी शिकायत की। शर्मा ने कहा, हम यहां सुबह 10 बजे से हैं, लेकिन बैठक दोपहर 3 बजे हुई। हाईकमान चुनाव नतीजे के लिए जिम्मेदार लोगों से मिले बिना फैसले लेती हैं, चुनाव नतीजे की यह भी एक वजह है। मैंने ज्योतिरादित्य से मुलाकात में कहा कि मुझे गुलाम नबी आजाद के खिलाफ काफी कुछ कहना है। उल्लेखनीय है लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन 2014 की तरह ही 2019 में भी बेहद खराब रहा है और वह सिर्फ 52 सीटें ही जीत पाई है। पार्टी की हार के बाद कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने इस्तीफे की पेशकश की लेकिन पार्टी ने इसे सर्वसम्मति से खारिज कर दिया।

सोनिया गांधी का आज रायबरेली दौरा

यूपी में कांग्रेस की जड़े मजबूत करने के लिए सोनिया और प्रियंका गांधी ने एक बार फिर कवायद शुरू कर दी है। लोकसभा चुनाव विपरीत नतीजों के बाद से कांग्रेस पार्टी में मंथन और बैठकों को दौर जारी है। प्रियंका और सोनिया गांधी आज रायबरेली में पूर्वी यूपी के नेताओं और लोकसभा उम्मीदवारों के साथ चुनाव परिणाम की समीक्षा करेंगी। प्रियंका और सोनिया गांधी आज सुबह 11 बजे फुरसतगंज एयरपोर्ट पहुचेंगी और वहां से कार से भुएमऊ गेस्ट हाउस जाएंगी। क़रीब 11।30 बजे से प्रियंका गांधी अलग अलग सीटों से संबंधित नेताओं से बैठक कर हार की समीक्षा करेंगी। इसके बाद शाम 5 बजे सोनिया गांधी जनप्रतिनिधियों से मिलकर उनको धन्यवाद कहेंगी। सोनिया हार की समीक्षा वाली बैठक में शामिल होंगी या नहीं, फ़िलहाल यह तय नहीं है। दोनों नेता रात 9 बजे के क़रीब प्राइवेट विमान से दिल्ली रवाना हो जाएंगी। इसके पहले प्रियंका गांधी ने यूपी के सभी सचिवों और नेताओं के साथ बैठक कर संगठन को नए सिरे से तैयार करने की बात कही थी। प्रियंका ने कहा कि अब यूपी में नए जिला अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाएंगे। जिसके लिए अच्छे उम्मीदवारों की तलाश की जाएगी। इसके अलावा प्रियंका गांधी और ज्योतिरादित्य सिंधिया यूपी में जगह जगह जाकर कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। 23 मई को आए लोकसभा चुनाव के नतीजे में कांग्रेस का सूपड़ा साफ़ हो गया है। कांग्रेस के बड़े नेताओं के साथ-साथ कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी खुद अमेठी से चुनाव हार गए हैं। मोदी लहर में सवार बीजेपी प्रचंड बहुमत के साथ एक बार फिर केंद्र में सरकार बन गई। राहुल गांधी ने यूपी की ज़िम्मेदारी प्रियंका गांधी और ज्योतिरादित्य सिंधिया को दी थी जहां सिर्फ़ सोनिया गांधी एक सीट जीत पाई। खुद राहुल गांधी भी चुनाव हार गए। गांधी परिवार की परंपरागत संसदीय सीट अमेठी इस बार के आम चुनाव में बीजेपी के पास चली गई। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी चुनाव हार गए हैं। बीजेपी प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने उन्हें 55,120 वोटों से परास्त कर इस सीट पर भगवा परचम लहरा दिया है। अमेठी लोकसभा सीट को कांग्रेस का अभेद्य किला माना जाता रहा है। इस सीट पर इससे पहले 16 चुनाव और दो उपचुनाव हुए हैं। इनमें से कांग्रेस ने यहां 16 बार जीत दर्ज की है। 1977 में लोकदल और 1998 में बीजेपी को यहां से जीत मिली थी। यहां से संजय गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी के अलावा राहुल गांधी सांसद रहे हैं और अब यह सीट स्मृति की हो गई है।

UN में भारत ने इजरायल के पक्ष में की वोटिंग

नई दिल्ली (ए.)। अपने पुराने रुख के उलट जाकर भारत ने संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक और सामाजिक परिषद में इज़रायल के समर्थन में मतदान किया है। यह वोटिंग संयुक्त राष्ट्र में फिलस्तीन के मानवाधिकार संगठन शहीद को पर्यवेक्षक का दर्जा देने के लिए हुई थी। गत 6 जून को हुई वोटिंग में इजरायल के पक्ष में भारत के अलावा अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, जापान, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया और कनाडा ने मतदान किया। वहीं चीन, रूस, साऊदी अरब, पाकिस्तान सहित कुछ अन्य देशों ने फिलस्तीन की संस्था के पक्ष में वोट किया। शहीद को संयुक्त राष्ट्र में पर्यवेक्षक का दर्जा देने का प्रस्ताव 28-14 के अनुपात से खारिज हो गया। बहरहाल, यह पहली बार है जब भारत ने दो दशक पुराने सिद्धांत से अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। जबकि अब तक भारत इजरायल और फिलस्तीन दोनों को अलग और स्वतंत्र देशों के रूप में देखता रहा है। भारत का पूर्व रुख पश्चिम एशिया में शांति लाने की कोशिश के तहत कायम था। लेकिन संयुक्त राष्ट्र में बदली हुई परिस्थितियों में भारत ने इजरायल के पक्ष में वोटिंग करने का फैसला लिया। उधर, समर्थन किए जाने पर इजरायल ने भारत का आभार जताया है।

अयोध्या से पहले बंगाल में बनेगा राम मंदिर, योगी करेंगे शिलान्यास

नई दिल्ली (ए.)। अयोध्या से पहले पश्चिम बंगाल में राम मंदिर का एलान हो गया। अंतरराष्ट्रीय राम मंदिर ट्रस्ट ने हावड़ा में राम मंदिर बनाने का एलान किया है। 15 सितंबर को हावड़ा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राम मंदिर का शिलान्यास करेंगे। बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) आमने सामने हैं। दोनों ओर से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी जोरों पर है। बीजेपी ने राम मंदिर का मुद्दा उठाया है। उधर ममता बनर्जी ने एक दिन पहले ही कोलकाता के कोलकाता के हेयर स्कूल में ईश्वरचंद्र विद्यासागर की प्रतिमा का अनावरण किया। 19वीं सदी के समाज सुधारक विद्यासागर की एक और प्रतिमा को 28 दिन पहले बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह के रोड शो के दौरान शहर के एक कॉलेज में तोड़ दिया गया था।कांस्य की बनी इस प्रतिमा को कॉलेज स्ट्रीट में स्थित विद्यासागर कॉलेज में ले जाया जाएगा जहां 14 मई को प्रतिमा तोड़े जाने की घटना हुई थी। विवाद के दौरान ममता बनर्जी ने वादा किया था कि वह जल्द से जल्द नई प्रतिमा की स्थापना करवाएंगी। राज्य शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी ने कहा कि अर्धप्रतिमा को उसी जगह पर स्थापित कर दिया जाएगा जहां पहले पुरानी प्रतिमा थी।इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 7 जून को अयोध्या में कोदंड भगवान राम की प्रतिमा का अनावरण किया। इससे पहले योगी सरकार ने अयोध्या में भगवान राम की 221 मीटर ऊंची कांस्य की प्रतिमा लगाने का ऐलान कर चुकी है। इस पर काम भी शुरू हो चुका है।

ममता बोलीं- बंगाल को गुजरात नहीं बनने दूंगी : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अब बीजेपी के खिलाफ अपनी राजनीतिक लड़ाई को बंगाल बनाम गुजरात कर रही हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल को गुजरात बनाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं गुजरातियों के खिलाफ नहीं हूं, लेकिन गुजरात के दंगाइयों के खिलाफ हूं। उन्होंने पहली बार यह माना कि राज्य में लोकसभा चुनाव के बाद राजनीतिक हिंसा हुई है।

स्पेस वॉर का खतरा

अमेरिका के बाद भारत भी तैयारी में जुटा

नई दिल्ली (ए.)। अमेरिका के बाद अब भारत ने भी स्पेस वॉर को ध्यान में रखते हुए अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूत करना शुरू कर दिया है। मोदी सरकार ने स्पेस में जंग की स्थिति में आर्म्ड फोर्सेज की ताकत बढ़ाने के लिए एक नई एजेंसी बनाने को मंजूरी दी है। एजेंसी का नाम डिफेंस स्पेस रिसर्च एजेंसी रखा गया है, जो उच्च क्षमता के आधुनिक हथियार और टेक्नॉलजीज विकसित करेगी। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने समाचार एजेंसी को बताया,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा पर कैबिनेट कमिटी ने नई एजेंसी गठित करने को मंजूरी दे दी है। DSRO पर स्पेस वॉरफेयर वेपन सिस्टम्स और टेक्नॉलजीज तैयार करने का जिम्मा होगा। आपको बता दें कि भारत ने ऐसे समय में स्पेस वॉर के खतरे पर फोकस किया है जब अमेरिका पहले ही 2020 तक स्पेस फोर्स बनाने का ऐलान कर चुका है। अमेरिका के इस फैसले से चीन की टेंशन बढ़ गई है। ऐसे में माना जा रहा है कि वह भी इस दिशा में आगे बढ़ सकता है। गौर करने वाली बात यह है कि अमेरिका ने चुनौतियों के रूप में रूस और चीन का नाम लिया है। मंत्रालय के सूत्रों ने बताया है कि सरकार में यह फैसला उच्चस्तर पर हाल ही में लिया गया है और अब एजेंसी ने एक जॉइंट सेक्रटरी स्तर के वैज्ञानिक के तहत आकार लेना भी शुरू कर दिया है। आगे एजेंसी को वैज्ञानिकों की एक टीम उपलब्ध कराई जाएगी, जो तीनों सेनाओं के साथ मिलकर काम करेगी। यह एजेंसी डिफेंस स्पेस एजेंसी को रिसर्च ऐंड डिवेलपमेंट का सहयोग करेगी।

GST- ITR- TDS
इनकम टैक्स फाईल मात्र 500/-
GST नम्बर / रिटर्न फाईल- TDS रिफंड-
डिजिटल सिगनेचर और म्युचुअल फंड हेतु संपर्क करें
हमारे Tax Expert आपकी मदद करने हेतु तैयार है।
संपर्क करें- शेखर गुप्ता 93007-55544 / 94251-65464
WWW.ONLYTDS.COM

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

(द्वितीय आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 51716/निविदा सूचना क्रमांक 03/व.ले.लि./2019-20 गरियाबंद दिनांक 10/06/2019

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 29.06.2019 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

कार्य का नाम : गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड के अंतर्गत पीपरछेड़ी जलाशय योजना के 07 नग माईनर एवं 02 नग सब माईनर (पीपरछेड़ी माईनर नं. 01 एवं 02, नवापारामड़ेली माईनर नं. 01 एवं 02, कोरासी माईनर, रानीपरतेवा माईनर रानीपरतेवा सब माईनर नं. 01 एवं 02, कुरूकेरा माईनर) के मिट्टी कार्य तथा 114 नग पक्के सरचनाओं एवं 58 नग कुलाबा का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत : रुपये 577.01 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 19.06.2019 समय 17:31 बजे से देखें तथा डाउनलडल किये जा सकते हैं।

नोट: निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन निर्माण संभाग, गरियाबंद
कृते मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी-70615/4